卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 216 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦17 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## यात्रा की व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: धामी

### सीएम ने बड़कोट पहुंचकर यमुनोत्री धाम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों से फीडबैक भी लिया





देहरादून(उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार नजर बनाए हुए हैं। शुक्रवार को सीएम धामी ने सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और इसके बाद मुख्यमंत्री ने ग्राउंड जीरो से यमुनोत्री धाम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए बड़कोट पहुंचकर व्यवस्थायें देखी। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी बात की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीएम ने सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यात्रा से जुड़े पैदल मार्गों पर पेयजल एवं अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीएम ने कहा हमारा प्रयास है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रशासन और श्रद्धालुओं के आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं और मजबूत हो रही हैं। अगले कुछ दिनों में ऑफलाइन पंजीकरण को दुबारा से शुरू कर दिया जायेगा। यात्रियों से अपील है कि रजिस्ट्रेशन के बाद नियत तिथि पर ही अपनी यात्रा शुरू करें। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को जिन स्थानों पर ठहराने की व्यवस्थाएं की गई है, वहां पेयजल, विद्युत, शौचालय, खानपान और बच्चों के लिए दूध और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें। भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्कतानुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए और श्रद्धालुओं को इन (शेष पृष्ठ सात पर)

## रफ्तार का कहर, महिला की मौत, दो घायल



देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार का कहर सामने आया है। हरिद्वार से डोईवाला की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। पहले एक महिला को टक्कर मारी, फिर पीआरडी के जवान को रौंदा उसके बाद चालक ने कार डोईवाला की ओर दौड़ा दिया। जहां लालतप्पड़ में शेरगढ़ रोड पर एक महिला को रौंद दिया। जिसमें शेरगढ़ की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम हरिद्वार की ओर से आ रही कार ने पहले छिद्दरवाला के पास दो लोगों को टक्कर मारी। जिसमें एक पीआरडी जवान और एक महिला घायल हो गये। चालक ने इसके बाद कार डोईवाला की ओर भगा दी।जब यह कार लाल तप्पड़ के पास पहुंची तो चालक ने कार को शेरगढ़ की ओर मोड़ दिया। जिसके बाद गुरुद्वारे के पास खेत से आ रही एक महिला को भी रौंद डाला।जहां महिला की मौके पर ही मौत हो गई।माजरी ग्रांट के उप प्रधान रामचंद्र ने बताया कि नशे की हालत में कार सवार दो लोगों ने शेरगढ़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक खाई में गिरने से चालक की मौत



टिहरी(उद संवाददाता)। टिहरी जिले के कौड़ियाला में एक ट्रक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल को अस्पताल पहुँचाया और मृतक के शव को पुलिस के सुपुर्द किया। एसडीआरएफ ने बताया कि पुलिस चौकी बयासी ने शुक्रवार को सूचना दी कि कौड़ियाला में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही एसआई नीरज चौहान रेस्क्यू टीम के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि ट्रक संख्या यूके 14 सी 5285 हिमतोली से ऋषिकेश की ओर आ रहा था, अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक में 2 लोग सवार थे, जिसमें चालक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी, जबकि दूसरा घायल हो गया था। रेस्क्यू टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर जिला पुलिस के साथ संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाते हुए एक घायल को निकालकर अस्पताल भिजवाया। इसके उपरांत विषम परिस्थितियों में रोप की सहायता से लगभग 100 मीटर नीचे उतरकर ट्रक चालक के शव को निकालकर मुख्य मार्ग तक पहुँचाया व जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

## ठेली खड़ी करने को लेकर विवाद में जानलेवा हमला



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप राजा कालोनी मोड पर ठेली खड़ा करने को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बन्टी पुत्र हरस्वरूप राठौर निवासी राजा कालोनी ने बताया कि वह 3 वर्ष से राजा कालोनी के मोड़ पर शराब भट्टी के सामने फल का ठेला लगाता है।15 मई को सायं 5 बजे उसके ठेले के सामने एक व्यक्ति ने ठेला लगाया। उससे कहा थोड़ा आगे (शेष पृष्ठ सात पर)

## कामगारों के वोट बनाये जाने पर आपत्ति का किया विरोध

### पूर्व विधायक ठुकराल की आपत्ति के खिलाफ भाजपाइयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा उत्तर प्रदेश से आए हुए कामगारों के वोट बनाये जाने पर आपत्ति लगाने के खिलाफ भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता एवं भाजपा नेता सुशील गाबा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी उदय राज सिंह को ज्ञापन सोंपा। भाजपा नेता सुशील गाबा ने कहा कि सिडकुल स्थापना के बाद स्थापित विभिन्न उद्योगों में कार्य करने हेतु बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के अनेकों जिलों से आए कामगारों को यहां पर निवास करते हुए कई कई वर्ष भी हो चुके हैं। इनमें कुर्मी समाज, मौर्या, कुशवाहा, राठौर, सागर, वाल्मीकि समाज आदि के लोग प्रमुख रूप से शामिल हैं। यह हिंदू समाज सामान्यत: भाजपा को वोट देते हैं, इसलिए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा यूपी से आए हुए हिंदू कामगारों के वोट बनने पर गंभीर आपत्ति जताकर उनको मतदान के संवैधानिक अधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी हम तीखी भर्त्सना करते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि राजकुमार ठुकराल को वार्ड 21 के पार्षद परवेज कुरैशी द्वारा एक दिन में दिए गए 199 वोटों के फार्म नजर नहीं आ रहे हैं, ना ही उन्हें नूर अहमद के बनाए सैंकड़ों वोट नजर आ रहे हैं। केवल मात्र उत्तर प्रदेश से आए हुए हिंदू देसी समाज के वोट बनने पर उनको आपत्तियां हो रही हैं। यह उनके दोहरे चरित्र को दिखा रहा है कि कैसे वह कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)

## 5 लाख की फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

रूद्रपुर। एक व्यक्ति द्वारा फोन कर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने तथा न देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। चरनजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी खुशी इन्कलेव, भूरारानी का कहना है कि उससे एक व्यक्ति फोन करके 5 लाख की फिरौती मांग रहा है। फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## लॉकडाउन की अवधि से सम्बन्धित मुकदमे वापस

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड शासन ने शासनादेश सं0 203 दिनांक 30 अगस्त 2023 जारी करके उत्तराखंड राज्य में उ0प्र0 के समान लॉकडाउन की अवधि में आपदा प्रबंधन अधिनियम एवं महामारी अधिनियम तथा भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमें वापस लिये जाने की कार्यवाही के आदेश दिया है। यह जानकारी सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन को उक्त शासनादेश की प्रति उपलब्ध होने से हुई है।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड सरकार द्वारा मुकदमें वापसी सम्बन्धी सूचना लोक सूचना अधिकारी, अभियोजन निदेशालय उत्तराखंड से मांगी थी। उनके द्वारा सूचना प्रार्थना पत्र जिलों के अभियोजन कार्यालयों को हस्तांतरित करने पर लोक सूचना अधिकारी/सहायक अभियोजन अधिकारी, जनपद अल्मोड़ा, शिखा श्रीवास्तव ने लॉक डाउन अवधि के मुकदमें वापसी सम्बन्ध शासनादेश सं0 203 की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध शासनादेश के अनुसार कोविड -19 के काल के दौरान लॉक डाउन की अवधि में आपदा प्रबधन अधिनियम, महामारी अधिनियम व भारतीय दण्ड विधान (आई.पी.सी.) की धारा 188, 269, 270 एवं 271 के अन्तर्गत दर्ज सभी मुकदमों को वापस लिये जाने की कार्यवाही करने को आदेशित किया है।श्री नदीम को उपलब्ध शासनादेश में उल्लेखित किया गया है कि उ0प्र0 के शासनादेश सं0 1042/डब्लू सी/सात न्याय-5-2021 डब्लू सी/2021 दिनांक 26-10-2021 द्वारा इसी प्रकार के मुकदमों की वापसी हेतु निर्गत शासनादेश में आपदा प्रबंधन अधिनियम, महामारी अधिनियम, भा0वि0 की धारा 188, 269, 270 एवं 271 तथा मामले से सम्बद्ध भारतीय दण्ड संहिता की अन्य अपराध की धारायें जिसमें अधिकतम 02 वर्ष की सजा और जुर्माने का प्रावधान है, से सम्बन्धित पूरे प्रदेश में जन सामान्य (वर्तमान तथा भूतपूर्व मा0 सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य छोड़कर) के विरूद्ध पंजीकृत (शेष पृष्ठ सात पर)

## आश्रम की लड़की से शादी कराने का झांसा देकर युवक से 70 हजार हड़पे

रूद्रपुर। पंजाब फगवाड़ा के आश्रम की लड़की से शादी करने के नाम पर एक व्यक्ति ने महिला के माध्यम से युवक के 70 हजार रुपए हड़प लिए। शीला देवी पत्नी रमेश चन्द निवासी भदईपुरा वार्ड14 ने बताया कि उसकी मुलाकात ट्रेन में राजू मोर्या नाम के व्यक्ति से हुई थी। उसने कहा उसे पंजाब फगवाड़ा आश्रम में लडकियों की शादी करवानी है। अगर कोई लड़का आपकी नजर में हो तो बताना। उसने अपने फोन नंबर भी उसे दिये। शीला का कहना है उसने एक लड़का देखकर उससे बात की। उसके बाद राजू ने आश्रम की लडकिया बताकर कुछ लड़कियों के फोटो भेजे जिसमें युवक ने एक लड़की पंसद की। राजू को बताया तो उसने कहा युवक से 70 हजार रूपये ले लों। लड़की को आश्रम से ले जाना होगा तो आश्रम में पैसे देने होगें। उसकी रशीद भी हमें मिलेगी उसके कहने पर हमने युवक से अपनी जिम्मेदारी पर 70 हजार रूपये ले लिए। उसके बाद राजू उसके घर पर आया और 70 हजार रूपये लेकर चला गया। उसके बाद राजू ने अपना फोन बंद कर लिया। न युवक की कोई शादी आश्रम की लड़की से करवायी न पैसे वापस किये। राजू का फोन बंद जा रहा है। युवक द्वारा रुपए वापस मांगने पर उसने उसके खाते में 70 हजार रूपये आनलाईन ट्रासफर कर दिये है। उसके साथ राजू ने धोखाधड़ी कर 70 हजार रुपए हड़प लिए।

# चारों धामों में वीडियोग्राफी और रील बनाना प्रतिबंधित

## सीएम धामी ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं और भीड़ प्रबंधन के लिए पुख्ता इंतजाम करने के दिए निर्देश, वीआईपी दर्शन पर 31 मई तक रोक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को हुई समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि चारधाम में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन पर रोक बढ़ा दी जाए। यह रोक 31 मई तक रहेगी। इस दौरान केवल वही लोग वीआईपी दर्शन कर सकेंगे, जिनके लिए सरकार की ओर से प्रोटोकॉल जारी किया जाएगा। इस बाबत सीएस राधा रतूड़ी भी अन्य राज्यों को पत्र लिखकर अनुरोध कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चारोंधामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए भेजे जाएं। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं का चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। इसी के साथ उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारों धामों में मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी/ सोशल मीडिया के लिए रील बनाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश भी दिया। उन्होंने यह आदेश सचिव पर्यटन, आयुक्त गढ़वाल मंडल और संबंधित जिलों के डीएम और एसपी को दिया है। चारधाम यात्रा पूरे चरम पर चल रही है। सीएस ने कहा, इस बार बहुत




ज्यादा संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आ रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में अबकी बार दोगुने श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए शासन और पुलिस के अधिकारियों को सड़क से ग्राउंड जीरो पर यात्रा की व्यवस्थाएं देखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को ताकीद किया कि वे यातायात व भीड़ प्रबंधन के लिए स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने रजिस्ट्रेशन होने पर ही यात्रियों और श्रद्धालुओं को यात्रा मार्ग पर बने चेक प्वाइंट से आगे जाने की अनुमति देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। सीएम ने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चारोंधामों में 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था स्थगित रखी जाए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चारोंधामों में प्रतिदिन के लिए जो क्षमता निर्धारित की गई है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए भेजे जाएं। रजिस्ट्रेशन की व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाया जाए। श्रद्धालुओं का चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन होने पर ही चेक प्वाइंट से आगे जाने दें। परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से चेक पोस्ट पर चेकिंग करने के निर्देश दिए। कहा, चारधाम के मार्गों के एंट्री प्वाइंट एवं विकासनगर, यमुना पुल क्षेत्र, धनोल्टी, सुवाखोली में भी सख्ती से चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित हो। इन स्थलों पर यात्रियों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। कहा, चारधाम यात्रा प्रदेश की लाइफ लाइन है। सीएम ने कहा कि यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि यात्रा को सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं से संबंधित सभी जानकारियां लोगों तक पहुंचाने के लिए शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन मीडिया ब्रीफिंग करने के निर्देश दिए। कहा, चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ और यात्रा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। चारोंधामों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी जाए। सभी अधिकारी सहयोगी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों रुप्रदप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी के डीएम से वर्चुअल चारधाम यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक में राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली आदि मौजूद थे।

# भक्तों का उत्साह चरम पर: सोनप्रयाग तक लगी हजारों यात्रियों की लाईन

## लाइन में खड़े होने को लेकर पुलिस और यात्रियों में झड़प



रूद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ के दर्शनों के लिए भक्तों का उत्साह चरम पर है। केदारघाटी के बाजारों व कस्बों में यात्रियों का भारी जमावड़ा लग रहा है। वहीं सोनप्रयाग से धाम प्रस्थान के लिए देर रात्रि से ही भक्तों की लंबी लाइन लग रही है। गुरुवार को यहां एक्रो पुल से सीतापुर तक यात्रियों की लगभग तीन किमी लंबी लाइन लगी रही, जो दोपहर बाद कम हो सकी। कपाटो द्घाटन के बाद से अभी तक प्रतिदिन औसतन 25 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। उधर मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में लाइन में समूह बनाकर खड़े होने पर पुलिस और यात्रियों के बीच नोकझोंक और हाथापाई हुई। पुलिस ने बमुश्किल मामले को शांत किया गया। वहीं पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि केदारनाथ यात्रा के सफल संचालन के लिए पुलिस अपने स्तर से हरसंभव प्रयास कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक व यात्रा यातायात नोडल अधिकारी हर्षवर्धनी सुमन ने बताया कि यात्रियों की तरफ से पहले मारपीट की कोशिश की गई, जो अच्छी बात नहीं है। उन्होंने यात्रियों से अनुशासन के साथ अपनी यात्रा को सफल बनाने की अपील की है। बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग में रात से ही यात्री लाइन में खड़े हो गए थे। स्थिति यह रही कि सुबह 10 बजे तक लाइन पार्किंग को पार कर चुकी थी, जबकि पूर्वाह्न 11 बजे तक भक्तों की लंबी लाइन सीतापुर तक पहुंच गई। सोनप्रयाग में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट मनोज बिष्ट ने बताया कि बीते छह दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ रही। दोपहर बाद भक्तों की लंबी लाइन कम हुई है। उधर, केदारनाथ में भी बाबा के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह अपने चरम पर रहा। सुबह 7 बजे तक ही मंदिर परिसर भक्तों से पूरी तरह से भर चुका था। इधर, यात्रा कंट्रोल रूम से बताया गया कि दोपहर बाद 2 बजे तक सोनप्रयाग से 14311 श्रद्धालुओं ने धाम के भेजा गया। वहीं धाम में आज 28093 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। अब तक धाम में 183677 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं।

## सुरक्षा के साथ ही चारधाम यात्रियों की डगर को आसान कर रहे पुलिस के जवान

चमोली/ रूद्रप्रयाग। चारधाम यात्रा में पहुंच रहे हजारों श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराये जा रहे हैं। मंदिर में पहुंचाने यात्रियों को दर्शन कराने के लिए पुलिस के जवान भी सेवाभा से जुट हुए हैं। जनपद चमोली पुलिस प्रशासन के जवान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही वृद्ध व असहाय श्रद्धालुओं की डगर को आसान कर रही है। श्री बद्रीनाथ धाम में देश के हरेक कोने से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जनपद पुलिस व एसडीआरएफ के जवानों द्वारा इस अवधि में निरन्तर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराकर श्री बद्री नारायण के दर्शन कराये जा रहे हैं। साथ ही धाम में पहुंचने वाले असहाय व वृद्ध श्रद्धालुओं को दर्शन कराये जाने में मदद की जा रही है। वहीं रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम में तैनात पुलिस के जवानों के साथ एसडीआरएफ की टीमें भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मुस्तैदी से जुटे हुए है। श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग में अपने माता पिता से बिछड़ी 2 साल की बच्ची हीनल अग्रवाल को सुरक्षा व व्यवस्था में तैनात प्रशासनिक अधिकारी लिनचोली ने उसके माता-पिता से मिलवाया। जिला प्रशासन की टीम के प्रयासों के लिए बच्ची के परिजनों ने आभार व्यक्त किया।




आज श्री केदारनाथ धाम में आये एक दम्पति परेशान और बदहवास होकर चारों ओर ढूँढ खोज कर रहे थे। तभी मन्दिर परिसर में तैनात एसडीआरएफ के जवान की नजर उन पर पड़ी, उनके द्वारा पास जाकर उनसे परेशानी का कारण पूछा तो दम्पति ने बताया की उनकी बच्ची उनसे कहीं बिछुड़ गयी है, और काफी ढूँढखोज करने के बाद भी नहीं मिल रही है। एसडीआरएफ जवान द्वारा इस सम्बन्ध में अनाउंसमेंट कराते हुए सभी को अलर्ट किया व स्वयं मन्दिर परिसर एवं आसपास पूछताछ की तो कुछ समय पश्चात उनके द्वारा काफी प्रयासों के बाद अबोध बच्ची को ढूँढकर सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल देखते ही माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा तथा वे सहृदय धन्यवाद करते हुए विदा हुए।

## यमुनोत्री धाम में वैकल्पिक पैदाल मार्ग और रोपवे निर्माण होगा : सुंदरम

उत्तरकाशी। सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर.मीनाक्षी सुंदरम यात्रा व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण के लिए उत्तरकाशी जिले के भ्रमण है। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट और पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी के साथ हवाई सर्वेक्षण व खरसाली, जानकीचट्टी में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव मुख्यमंत्री ने जानकीचट्टी में मंदिर समिति के पदाधिकारियों, तीर्थ पुरोहितों, स्थानीय जन-प्रतिनिधियों व यात्रा व्यवस्था से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर यात्रा के बारे में फीडबैक लेने के साथ ही यमुनोत्री धाम क्षेत्र के विकास के बावत विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि यमुनोत्री धाम का मास्टर प्लान बनाकर यहां आवागमन की बेहतर सुविधा और अवस्थापना विकास के लिए कारगर प्रयास किए जाएंगे। धाम के लिए वैकल्पिक पैदल मार्ग के निर्माण के लिए भी तेजी से कार्रवाई होगी और रोप-वे के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पालीगाड से जानकीचट्टी तक सड़क चौड़ीकरण के लिए वनभूमि से संबंधित स्वीकृति का जल्द निस्तारण होगा और यह काम दो-तीन साल के



भीतर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण होने से यात्रा सुगम व सुविधाजनक होगी व ट्रैफिक का निर्बाध संचालन सुनिश्चित हो सकेगा। श्री सुंदरम ने कहा कि यात्रा से जुड़े व्यवसाय हमारे रोजगार एवं पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, सभी पक्ष सकारात्मक रवैया अपनाते हुए यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यस्थित बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यात्रा में बड़े आकार की बसों के आने से संकरे मार्गों पर जाम लग रहा है, जिसे देखते हुए आगामी सितंबर-अक्टूबर माह से बड़ी बसों को यात्रा पर न आने देने का प्रयास किया जाएगा। यह कोशिश सफल रहने पर अगले साल से पूरी तरह से बडे वाहनों को रोकने पर विचार किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री धाम के लिए वैकल्पिक पैदल मार्ग बनाए जाने पर कहा कि इसके लिए शुरूआती सर्वेक्षण की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि सड़कों पर वाहनों का दबाव कुछ कम होते ही स्थिति सामान्य होगी। इस मौके पर यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल, पुरोहित महासभा के अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल, पवन उनियाल, भरत सिंह राणा, महावीर पंवार, शरत सिंह रावत, संदीप राणा सहित क्षेत्र के अनेक जन-प्रतिनिधियों ने यात्रा व्यवस्था व धाम के विकास से जुड़े मामलों पर अनके सुझाव रखे। इस दौरान उप जिलाधिकारी एवं यमुनोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश रमोला, उप जिलाधिकारी डुंडा नवाजिश खलीक सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कल खुलेंगे रुद्रनाथ मंदिर के कपाट

चमोली। पंच केदारों में चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ के कपाट खुलने की प्रक्रियाओं के तहत आज भगवान की उत्सव डोली गोपीनाथ मंदिर से रुद्रनाथ मंदिर के लिए रवाना हुई। कपाट 18 मई को ब्रह्म मुहूर्त में विधि विधान से ग्रीष्मकाल के लिए खुलेंगे। गोपीनाथ मंदिर परिसर में आज पुजारी आचार्य वेद प्रकाश भट्ट ने भगवान रुद्रनाथ की चल विग्रह मूर्ति का अभिषेक और वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना



की। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भगवान रुद्रनाथ को नौ-नाज (नया अनाज) अर्पित कर पूजा-अर्चना कर कुशलता की मनौतियां मांगी। पंच केदारों में से चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट इस साल आगामी 18 मई को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुलने जा रहे हैं। अब श्रद्धालु आगामी छह महीनों तक भगवान शिव के मुख के दर्शन कर पाएंगे। गुरुवार को आर्मी बैंड की धुन के साथ बाबा रुद्रनाथ की डोली पूरे विधि-विधान से गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर से अपने धाम चतुर्थ केदार रुद्रनाथ के लिए रवाना हो गई है।

# अधिकारी और कर्मचारियों के साथ अनुसेवक ने की मारपीट

## कई बार कर चुका है मारपीट, पुलिस ने कराया मेडिकल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे की हालत में एक कर्मचारी ने कार्यालय पहुंचकर अधिकारी सहित कई कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। कर्मचारी की इस हरकत से कार्यालय में हड़कम्प मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारी को हिरासत में लेकर उसका मेडिकल कराया गया। जानकारी के अनुसार आज दोपहर सहायक श्रम कार्यालय में तैनात अनुसेवक महेश नैनवाल नशे की हालत में कार्यालय में पहुंचा और कार्यालय में मौजूद श्रम परिवर्तन अधिकारी, बाजपुर और डाटा आपरेटर पीयूष आर्या सहित अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। अनुसेवक की इस मारपीट से कार्यालय में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस चौकी से श्रम कार्यालय पहुंची और आरोपी अनुसेवक को अपनी हिरासत में लेकर जिला चिकित्सालय में उसका स्वास्थ्य मेडिकल करवाया गया। सहायक श्रम आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि उक्त अनुसेवक पूर्व में भी नशे की हालत में कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चुका है। आज भी उसने नशे की हालत में पहुंच कर कार्यालय में मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा दिया है।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# गंगोत्री धाम में हार्ट अटैक से महिला तीर्थयात्री की मौत

उत्तरकाशी। गंगोत्री धाम की यात्रा पर आई एक महिला श्रद्धालु की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य खराब होने पर महिला को चिकित्सालय में भर्ती करवाया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रामेश्वरी देवी (59) पत्नी गिरिराज शर्मा निवासी 73 श्री राम निर्वाणा, रोहता आगरा उत्तर प्रदेश बृहस्पतिवार को गंगोत्री धाम की यात्रा पर आई थीं। स्नान के दौरान उनका स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों द्वारा विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान रामेश्वरी की मृत्यु हो गई। शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। मृत्यु का कारण हृदय गति रुकना बताया गया है। गंगोत्री धाम में यह दूसरी मौत है, जबकि यमुनोत्री धाम को भी देखा जाए तो दोनों धामों में अब तक कुल 12 श्रद्धालुओं की मौतें हो चुकी हैं।

# परफेटी वैन मेले में सिक्स सिग्मा के छात्र का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा विभिन्न संस्थानों के छात्रों हेतु पूल कैंपस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों जैसे राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल जैसे संस्थानों के छात्रों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रक्रिया को कम्पनी के एचआर एग्जीक्यूटिवश्री संदीप, मधुर शर्मा एवं प्रचालन हेड अमित कुमार ने संपन्न कराया। सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत, पर्यावरण , कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।। प्रक्रिया में लगभग 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे से सिक्स सिग्मा



इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस के 10प्रतिभागियों का चयन हुआ। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना ध न्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, सह- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, प्रबन्ध समिति सदस्य वंश डाबर,कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रध ानाचार्य डॉ विजय सिंह व सीएओ अनुभव बाठला, लेक्चरर संगीता भाकुनी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की।कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट ने चयन प्रक्रिया के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा ।

# श्री भंजू राम अमर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम कल से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भूरारानी स्थित श्री भंजू राम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल का 47 वा वार्षिकोत्सव कल 18 मई से धूमधाम एवं धार्मिक आयोजनों के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए गणपत राम गांधी ने बताया कि 18 मई को सायं 5 बजे भूरारानी मार्ग स्थित शिवालिक पीवीसी पाईप फेक्ट्री में हवन आयोजित होगा। जिसके उपरांत 6.30 बजे से 108 सुहागिन महिलाओं द्वारा यज्ञशाला तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 9.30 बजे तक आचार्य श्री मदनमोहन भट्ट एवं आचार्य याज्ञवल्क्य चतुर्वेदी के तत्वावधान में यजमानों द्वारा श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 19 मई को प्रात: 8 से 9.30 बजे तक हवन यज्ञ के उपरांत 10 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि रात्रि 8 से 11 बजे तक सुप्रसिद्ध गायक श्री राम श्याम बंधु बरेली द्वारा भजन संध्या में भजन गायन किया जाएगा। 20 मई को प्रात: 8 से 9.30 बजे तक हवन यज्ञ, 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वार्षिकोत्सव के अंतिम चरण में संजीव कपिल मधुर भजन सुनाएंगे तथा महामंडलेश्वर श्री स्वामी धर्मदेव जी महाराज के दिव्य प्रवचन होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा होंगे। जिसके पश्चात श्री स्वामी अमरदेव आर्शीवाद हॉल में विशाल भंडारा आयोजित कर वार्षिकोत्सव का समापन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# कुलपति का फूंका पुतला

रामनगर(उद संवाददाता)।शुक्रवार को रामनगर में राजकीय महाविद्यालय के मुख्य गेट के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने के साथ ही प्रदर्शन करते



हुए कुलपति का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि बीते दिवस एमकॉम फोर सेमेस्टर का पेपर होना था तथा छात्र-छात्राएं इसी पेपर की तैयारी कर कॉलेज पहुंचे थे लेकिन जब प्रश्न पत्रों का वितरण किया गया तो यह पेपर सेकेंड सेमेस्टर का दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ लगातार होता जा रहा है जिससे अब छात्राओं के भविष्य पर भी संकट आने लगा है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रकार की खामियां की गई तो छात्र पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# लिंक मार्ग पर चैकिंग के बहाने दोपहिया वाहन चालकों का हो रहा उत्पीड़न

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में हाईवे पर होने वाले अपराधों को रोकने के बजाए ग्रामीण क्षेत्रों के लिंक मार्गो पर चेंकिग के बहाने लोगों के चालान काटने पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में पुलिस के खिलाफ रोश पनप रहा है। दर्जनों लोगों ने जल्द पुलिस के अधिकारियों से मिलकर चेंकिग के नाम उत्पीड़न की शिकायत करने की तैयारी की है। गौरतलब है कि थाना पुलिस हाईवे पर चेंकिग करने के बजाए गुरूद्वारे के पीछे बाऊली साहिब तिराहे व गुरूद्वारा सराय के मोड़ पर रोजाना 4 बजे के बाद चेकिग अभियान चला रही है। जहां पुलिस चेकिग अभियान चला रही है, ये मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों का लिंक मार्ग है जिससें दर्जनों गांव लगे हुए हैं जिनमें

## दर्जनों ग्रामीण घर से आए सब्जी, राशन लेने और वापस जा रहे चालान के साथ

बंगाली कालौनी, मिल्क,सुनखरी, नगला, किषनपुर, विचुवा, टुकड़ी, बरकीड़ाडी, सरोंजा, रंसाली, विचई, नलई ,कैथुलिया, ध्यानपुर समेंत कई गांव शामिल हैं। अधिकतर ग्रामीण खेतीबाड़ी से जुड़े हैं जो कि लिंक मार्ग पर छोटे मोटे काम के लिए बाजार आते है, जिनमें किसी को बाजार में सब्जी लेने ,घर का खाने का सामान, या गाड़ी में पेट्रोल डलवाने आना पड़ता है। ऐसे में तिरछे मोड़ व बाऊली साहिब पर खड़ी पुलिस 500 व 1000 का चालान कर देती है। तब दोपहिया वाहन चालक घर में बिना सब्जी, सामान व दवाई के घर पहुंचकर परिवार को चालान करने के बारें में बताता है। ग्रामीण क्षेत्रो के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों व जनप्रतिधियों का आरोप है कि पुलिस को गांव के लिंक मार्ग पर ग्रामीणों का चालान कर उनका उत्पीड़न कर रही है। जिससें लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की चालान प्रकिया को लेकर खासा रोष है। ग्रामीण व जनप्रतिधियों का कहना है कि जल्द पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजकर चेंकिग का विरोध किया जायेगा। वही पुलिस का कहना है ये रूटीन चेंकिग है। सभी यातायात नियमों का पालन करे।

## खतरनाक मोड़ पर चेंकिग से वाहन हो रहे अनियंत्रित

नानकमत्ता। अक्सर पुलिस जिस गुरूद्वारा सराय के मोड़ पर चेंकिग करती है, वह मोड़ खासा खतरनाक माना जाता है। क्योंकि इस मोड़ सामने से आने वाले दिखाई नही देता है। तब कई बार पुलिस को देखकर कई वाहन चालक अपना नियत्रंण भी खो बैंठते है। वही इस मोड़ पर कई छोटे मोटे दुकानदार ठेला लगाकर अपना गुजर बसर करते है। पुलिस की चेंकिग से इनका कारोबार भी ठप्प रहता है। लेकिन पुलिस के डर की बजह से चेंकिग का विरोध नही कर पाते है।

# ग्रीष्मकालीन धान की जगह गन्ना, मक्का, दलहन की फसलों का उत्पादन करें किसान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में जल संरक्षण एवं ग्रीष्मकालीन धान के क्षेत्रफल को कम करने एवं वैकल्पिक रूप से अन्य फसलों को बढ़ावा दिये जाने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में कृषि वैज्ञानिकों, कृषि संगठनों, प्रगतिशील कृषकों व संबंधित अधि कारियों के बीच गहन मंथन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण के साथ ही जीविकोपार्जन करना अति महत्वपूर्ण है। ग्रीष्मकालीन धान की फसल उत्पादन से अत्यधिक जल दोहन से भूमिगत जल स्तर निरंतर कम होता जा रहा है तथा जल स्रोत सूख रहे हैं, जो अत्यधिक चिंतनीय है। उन्होंने अत्यधिक जल दोहन के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि जल संरक्षण, प्राकृतिक स्रोत व पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कृषक जागरूक होकर जिम्मेदारी समझते हुए कृषि कार्य करें।जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक ग्रीष्मकालीन धान की जगह गन्ना, मक्का, दलहन, जैसी फसलों का उत्पादन को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि यह बैठक हमारा पहला कदम है आगे भी इसप्रकार की चर्चाएं की जाएंगी। उन्होंने कृषकों व कृषक संगठनों से अपनी समस्या व सुझाव लिखित रूप में देने को कहा ताकि समस्याओं व सुझावों पर विचार-विमर्श कर समाधान निकाला जा सके। गर्मी के धान के विकल्प के रूप में अन्य फसलों को बढावा दिये जाने के सम्बन्ध में विभिन्न संस्थानों से आये वैज्ञानिकों द्वारा धान की फसल को उगाने के नई तकनीकों जैसे धान की सीधी बुवाई कर पानी खपत को कम करना, दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाना, गन्ने की खेती को बढावा दिया जाना तथा जनपद में मैथा एवं सूरजमूखी की फसलों को बढावा दिये जाने पर चर्चा की गयी। संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषकों एवं कृषक



संगठनों द्वारा सुझाव रखा कि जनपद में गेहूं की फसल की कटाई के तुरन्त बाद जो धान की खेती की जा रही है, वह पर्यावरण के दृष्टिकोण से हानिकारक है, इस पर रोक लगाई जाए साथ ही धान की खेती को अन्य राज्यों यथा पंजाब, हरियाणा की तर्ज पर धान की रोपाई की तिथि निर्धारित की जाए। कृषकों द्वारा यह भी सुझाव दिये गये कि भू-जल स्तर को बनाये रखने के लिए जनपद में स्थापित डैमों में जमा हो रही सिल्ट को निकाला जाए तथा कृषकों का यह भी सुझाव था कि ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में अन्य फसलों के उत्पाद के विपणन की व्यवस्था की जाए। मुख्य विकास अधि कारी मनीष कुमार द्वारा बैठक में वैज्ञानिकों एवं कृषकों द्वारा दिये गये सुझावों की संक्षेप में जानकारी दी तथा अवगत कराया गया कि इस विषय पर समय-समय पर इस तरह के संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिलाधिकारी द्वारा कृषक संगठनों से अनुरोध किया गया कि ग्राम स्तर पर गर्मी के धान से होने वाले नुकसान के बारे में ग्राम स्तर पर भी चर्चा करें। उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह ने भी ग्रीष्मकालीन धान के विकल्प के रूप में गन्ना, मक्का, दलहन, तिलहन का उत्पादन करने को कहा ताकि हमारा जल, पर्यावरण बचा रहे। बैठक में निदेशक अनुसंधान पंतनगर अजीत सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक आइ.आई.आर.आर.हैदराबाद डॉ. बृजेन्द्र, आर. महेन्द्र कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक आई आई टी रूड़की प्रोफेसर आशीष पांडे, वरिष्ठ वैज्ञानिक आई.सी. ए.आर./आई.आई.आर.आर. लुधियाना डॉ. एस बी सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक पंतनगर डॉ. एन के सिंह, डॉ. अमित भटनागर, डॉ एस चौधरी, डॉ आर के श्रीवास्तव, के.वी.के. काशीपुर, अजय प्रभाकर, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील डोभाल, कृषक एवं कृषक संगठन के बलविन्द्र सिंह, कुंवर पाल सिंह, दीपक गोस्वामी, सत्यम शर्मा, टीका सिंह सैनी, शैलवीर मिश्रा, अरूण कुमार शर्मा, सुरजीत कुमार डाबर, सलविन्दर सिंह कलसी, सुखविन्दर सिंह बठला, रामकुमार कम्बोज, अनील दीप, राजविन्दर सिंह, जग मोहन सिंह, कृष्ण मंडल सहित संबंधि त विभागीय अधिकारी आदि मौजूद थे।

# डीएम वंदना ने रामगढ,श्यामखेत,मुक्तेश्वर में भ्रमण कर सुनी समस्यायें

## उद्यान, कृषि, मत्स्य विभाग को प्रगतिशील किसानों का एक फेडरेशन बनाने के दिए निर्देश





रामगढ/नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने गुरूवार को रामगढ–श्यामखेत–मुक्तेश्वर क्षेत्र का निरीक्षण कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का समाधान किया। भ्रमण के दौरान उमागढ़ क्षेत्र के किसानों द्वारा मार्केटिंग की समस्या उठाई गई, जिलाधिकारी ने उद्यान, कृषि , मत्स्य विभाग को प्रगतिशील किसानों का एक फेडरेशन बनाने के निर्देश दिए। जिससे उनकी बीज, खाद आपूर्ति , सामूहिक मार्केटिंग आदि की जरूरतों को पूरा किया हो जा सके। इसके साथ ही नर्सरी का कार्य करने वाले इच्छुक किसानों को चिन्हित किया जाए। जिससे क्षेत्र से उच्च गुणवत्ता की पौध काश्तकारों को उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए विभाग द्वारा स्थानीय काश्तकारों के साथ बैठक कर आगे की ठोस कार्यवाही हेतु कार्य किया जायेगा। रामगढ़ में उद्यान विभाग की कुल 08 एकड़ भूमि पर सेब के बगीचे, मदर प्लांट और क्लोनल रूट स्टॉक पर कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उद्यान के पास लगभग 300 एकड़ की भूमि उपलब्ध है जिसमे उद्यान विभाग को प्रत्येक साल की कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। चाय बागान श्यामखेत के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चाय विकास बोर्ड को निर्देश दिए कि चाय बागान को पर्यटकों के लिए जानकारी के साथ नए अनुभव उपलब्ध करवाने के मॉडल के रूप में विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि चाय बागान के आसपास के क्षेत्र में बंजर पडी भूमि जो किसानों की है,उसको भी मनरेगा एवं टीबोर्ड के द्वारा चाय बागान के रूप में विकसित किया जाये। डीएम ने जीएम चाय बगान नवीन पांडेय को क्षेत्र के अन्य किसानों को भी चाय की खेती से जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकतम क्षेत्र में चाय बगानों का विस्तार किया जाए। बागान में चाय की प्रोसेसिंग और अन्य गतिविधियों को भी पर्यटकों के लिए रखा जाए। जिससे चाय विकास की प्रक्रिया की जानकारी पर्यटकों को दी जा सके । इससे यहां आने वाले पर्यटकों को संख्या में भी इजाफा होगा और एक अच्छा अनुभव अपने साथ लेकर जाएंगे। जी एम नवीन पांडेय ने बताया कि पिछले वर्ष चाय विक्रय केंद्र की रुपए 35 लाख को बिक्री हुई है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मल्ला रामगढ़ से झूतिया गॉव तक डामरीकरण, रोड सेफ्टी, आपदा सुरक्षा संबंधी कार्य तत्काल करवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने बताया कि मल्ला रामगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे उमागड़, बोहराकोट आदि के ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिलेगा। साथ ही उन्होंने आर डब्लू डी विभाग को तल्ला रामगढ़ में क्षतिग्रस्त पुल को आपदा के अंतर्गत प्रोजेक्ट बना कर पुल निर्माण बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खोपा गॉव के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से खोपा गांव में पेयजल आपूर्ति ठप है । इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने पटवारी, जल संस्थान और विद्युत विभाग के अधिकारियों को पम्पिंग लाइन से गांव खोपा तक लाइन का सर्वे कर रिपोर्ट देने और जल संस्थान को तत्काल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण, घरेलू उपयोग और बिल्डरों दवारा अवैध तरीके से नदी या गधेरों में मोटर के माध्यम से पानी लिया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को समय समय पर निरीक्षण कर चालान करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्षा के पानी को जियो लाइन टैंक के जरिये बारिश के जल संचय कर बागवानी एवं सिचाई के लिए पानी का उपयोग आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने कुछ प्रोजेक्ट पर कार्य भी किया है। तल्ला रामगढ़ स्थित आगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय की भौतिक संरचना उच्च कोटि की पाई गई। डीएम ने कहा कि भौतिक संरचना के साथ ही विद्यालय के शिक्षक अपने मूल कार्य शिक्षण पर भी ध्यान दे। इसका शिक्षक और प्रधानाचार्य को विशेष ध्यान रखने की जरुरत है।रीठा में निरीक्षण के दौरान पी एम श्री रा. उ. मा. विद्यालय रीठा के प्रबंधक ने बताया कि सरकारी भूमि पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एस डी एम को सीमांकन कर नोटिस देने अतिक्रमण हटाने, चालान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भालू गाड़ जल प्रपात का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संस्थान को अमृत सरोवर, चाल खाल के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश और सौंदर्यकरण करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार, सीईओ जे एस सोनी, सीएओ वी के यादव, डी पी ओ अनुलेखा, सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

# भाजपाईयों ने जनसमस्याओं को लेकर सहायक नगर आयुक्त से की मुलाकात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। इस दौरान नही लगाई गई है उन्होंने प्रीत विहार क्षेत्र, बगवाड़ा क्षेत्र, गंगापुर रोड–फुलसूंगी फुलसूंगा क्षेत्र और भूरारनी–मटकोटा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा डेंगू से बचाव के लिए सीाी वार्डों में मच्छरों को मारने वाली जलभराव से निजात पाने के लिए बरसात से पूर्व नाले नालियों की तली झाड़ सफाई कराने, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था दुरूस्त करने, एवं सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगवाये जाने की मांग की। इस दौरान



भाजपा प्रदेश मंत्री ने सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौपकर कहा कि नगर निगम में कुछ ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ा गया था जिसने बहुत सारी कॉलोनियों का निर्माण भी हो चुका है और इन क्षेत्रों में अभी तक स्ट्रीट लाइट दवाई का छिड़काव, विभिन्न बस्तियों में सड़कों का निर्माण कराने, सभी पार्कों में साफ सफाई एवं लाइट की व्यवस्था करने, बच्चो के खेलने के लिए झूलों की व्यवस्था एवं युवाओं और महिलाओं के लिए ओपन जिम की व्यवस्था करने, सुनील ठुकराल, मुकेश वशिष्ठ, अमन पोपली, सचिन छाबड़ा, देव शर्मा, हरजीत राठी, राजन राठौड़, सुभाष यादव, सुनील वाल्मीकि ,भीमसेन गुप्ता, अशोक विश्वास, विजय तोमर, जितेंद्र चौहान, ललित गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

# विपरीत परिस्थितियों में अपनी मेहनत के बल से हेमन्ती ने किया नाम रोशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अपने घर की विपरीत परिस्थितियों में भी हेमन्ती ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाकर अपना व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। श्री गुरू नानक हाई सेकण्डरी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर से 10 वीं कक्षा की छात्रा हेमन्ती चौहान शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा के दौरान ही हेमन्ती चौहान के नाना का देहान्त हो गया था। जिसके चलते हेमन्ती की माता बीना चौहान और पिता भारत सिंह अपनी बेटी की परीक्षा के चलते मजबूरी में उसे घर में ही अपने छोटे पुत्र के पास छोड़कर ननिहाल चले गये। परीक्षा के बीच आई इस संकट की घड़ी में हेमन्ती ने भी पूरा साहस दिखाया और घर पर खाना बनाने और सारे काम–काज के साथ अपनी परीक्षा की तैयारी की ओर पूरा ध्यान दिया। प्रातःकाल जल्दी उठकर अपनी परीक्षा की जोरदार



तैयारी करते हुये 93 प्रतिशत अंक लाकर अपना और अपने परिजनों का नाम रोशन किया हैं। हेमन्ती ने अंग्रेजी में 90 अंक, हिन्दी में 97 अंक,विज्ञान में 93 अंक,सामाजिक विज्ञान में 91 अंक और कम्प्यूटर में 96 अंक प्राप्त किये। हेमन्ती चौहान की माता बीना चौहान गृहणी है और पिता भारत सिंह सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत है। हेमन्ती का परिवार रविन्द्र नगर स्थित एक छोटे से मकान में किराये पर रहता है। हेमन्ती का छोटा भाई हेमु भी अब 10वीं कक्षा में आया है। होनहार छात्रा हेमन्ती आगे चलकर चिकित्सा क्षेत्र में जाना चाहती है। हेमन्ती ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता और गुरूजनों का दिया है।

# मतगणना की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एमबीपीजी कालेज में जनपद के सभी नोडल अधिकारियों को आगामी मतगणना 04 जून की तैयारियों के सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना हेतु प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2 कक्ष नियत किये गये हैं प्रत्येक कक्ष में मतगणना के लिए 7–7 टेबल लगाई जायेगी तथा 1 टेबल वीवीपैट की पर्ची हेतु लगाई जायेगी। उन्होने बताया कि प्रत्येक टेबल में मतों की गणना हेतु 01 सुपरवाईजर, 01 मतगणना सहायक एवं 01 माइक्रो आब्जरवर की नियुक्ति की जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने नोडल अधिकारी सीसीटीवी/ वीडियोग्राफी को निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूमों से मतगणना हॉल तक सीयू एवं वीवीपैट की निगरानी हेतु पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाये जाएंगे जिसका प्रेक्षक कक्ष में लाईव देखने हेतु व्यवस्था की जायेगी। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि मतगणना दिवस पर चिकित्सा दल एवं एम्बुलैंस की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने नोडल अधिकारी टैंट व्यवस्था को मतगणना दिवस पर बैरिकेटिंग एवं हॉल में गणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था आयोग के दिशा निर्देशों में श्रेणीवार की जाए। उन्होने नोडल अधिकारी पुलिस को निर्देश दिये कि मतगणना केन्द्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा मानकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने सभी नोडल अधिकारियों को आयोग के दिशा निर्देशन में कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी श्वेता भण्डारी, आरटीओ संदीप सैनी,डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश तिवारी,जीएम डीआईसी पल्लवी गुप्ता, मुख्य कृषि अधिकारी वीके सिंह के साथ ही सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# टॉपर सुहानी को पूर्व सैनिकों ने किया सम्मानित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल की छात्रा सुहानी रौथान ने सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में 97 फीसदी अंक हासिल कर परिवार के साथ–साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके माता–पिता तथा पूर्व सैनिक संगठनो मैं खुशी की लहर है। विगत सांय क्षेत्र के तमाम पूर्व सैनिकों ने पूर्व सैनिक दलवीर सिंह के आवास पहुंचकर सुहानी को स्मृति चिन्ह देकर पूरे ब्लॉक पूर्व सैनिक संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। सुहानी आई एस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। बधाई देने वालों मे खड़क सिंह कार्की,कैलाश पाठक, हीरा सिंह पानू, विनोद भट्ट, वीरेंद्र सिंह मेहता,



राजेंद्र सिंह कोरंगा, होशियार सिंह मेहता ,गोविंद सिंह चौहान, हिम्मत सिंह, धन सिंह कोरंगा, नंदन सिंह कोश्यारी,रमेश सिंह कन्याल, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, पूर्व सैनिक लीग सूबेदार पुष्कर सिंह परिहार, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा संजय सिंह रौथान आदि लोग मौजूद रहे।

# बैंक प्रबंधक ने खाते से हड़प ली एक लाख की रकम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दूधिया नगर निवासी एक महिला ने नामी गिरामी बैंक के प्रबंधक पर खाते से एक लाख रूपये की रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस को दी तहरीर में दूधिया नगर निवासी पूजा शर्मा पत्नी योगेश शर्मा ने कहा कि उसने नगर के एक बैक में लोन के लिए आवेदन किया था। आवेदन स्वीकार होने के बाद उसके खाते में 27 मार्च 2024 को 1लाख 25 रूपये आ गये। लेकिन बाद में खाते से पैसे निकाल लिये गये। महिला ने बताया कि उसे स्वीकृत लोन की धनराशि में से मात्र 25 हजार रूपये मिले। कई बार बैंक में शिकायत की गयी लेकिन बैंक कर्मी टाल मटोल करते रहे। बाद में पता चला कि उक्त बैंक का मैनेजर पैसे लेकर भाग गया है। पीड़ित महिला ने पुलिस से कानूनी कार्यवाही की गुहार लगायी है।

# कोलम्बस स्कूल में नवगठित छात्र संसद को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मॉडल कालोनी स्थित नगर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में इस शैक्षिक वर्ष की नवगठित छात्र संसद के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तदुपरान्त विद्यालय के समूहगान दल के छात्र-छात्राओं ने स्वागतगीत की अपनी संगीतमयी मनमोहक प्रस्तुति देकरसभी उपस्थितजनों का स्वागत किया। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने छात्र संसद के विभिन्न सदनों के सदस्यों को बैज प्रदान कर दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई।समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्यश्री मनोज कुमार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल संसद का गठन एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें छात्र-छात्राओं को उनकी जिम्मेदारियों और नेतृत्व कौशल को समझने और विकसित करने का अवसर मिलता है।विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार खेड़ा जी ने बताया कि स्कूल संसद के गठन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार करना, और उनमें आत्मविश्वास तथा संगठनात्मक कौशल को बढ़ावा देना है। साथ ही उन्होंने विद्यालय में होने वाली पाठ्य सहगामी गतिविधियों में विभिन्न सदनो और उनके मुख्य सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव पढ़ते हुए उपस्थित अभिभावक गणों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रगण, अभिभावकगण व विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।









## नशामुक्ति के लिए स्कूलों में चलाया जनजागरूकता कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस मुख्यालय स्तर पर चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु जनपद में सभी थाना प्रभारियों को स्थानीय लोगों, स्कूली छात्र-छात्राओं, मुख्य-मुख्य बाजार क्षेत्रों, गांवों कस्बों में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस क्रम में थाना मुखानी के उनि बलवंत कम्बोज चौकी प्रभारी आरटीओ, उनि रजनी आर्या मुखानी पुलिस द्वारा दीक्षांत इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एवम राजकीय इंटर कॉलेज मुखानी में नशे के दुष्परिणामों एवम साइबर फ्रॉड व यातायात नियमों की जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव उनि दिनेश चंद्र जोशी द्वारा साई कृपा नशा मुक्ति केंद्र के साथ मिलकर लक्ष्मी शिशु मंदिर विद्यालय में जाकर बच्चो को नशे से दूर रहने के संबंध में नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूक किया गया। थाना बेतालघाट, कोतवाली लालकुआं क्षेत्रान्तर्गत खष्टी देवी इंटर कॉलेज में तथा उनि हरिराम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट में स्कूली छात्र- छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करते हुए नशा न करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी को सचेत किया कि नशे के सेवन से भविष्य बर्बाद हो जाता है। सभी को देवभूमि को नशामुक्त बनाने के लिए इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई तथा मादक पदार्थों की बिक्री तस्करी करने वालों के सम्बंध में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।



## बाईक पर नशे के इंजेक्शन ले जाता तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी में अंकुश लगाने एवम तस्करों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस ने चौकिंग के दौरान बाईक सवार एक नशा तस्कर को नशीले इंजेक्शन ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस व एसओजी टीम द्वारा संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चौकिंग के दौरान टीपीनगर क्षेत्र में आ रहे एक मोटर साईकिल को धानमिल चौराहा पर रोकने का इंशारा किया गया। इस दौरान मोटर साईकिल से एक व्यक्ति उतरकर भाग गया एवं मौके पर दूसरे व्यक्ति को टीम ने दबोच लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवक ने अपना नाम पता गुलफाम पुत्र चमन अली निवासी इस्लामनगर वार्ड 6, गदरपुर, हाल निवासी गौजाजाली उत्तर थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 54 नशे के इन्जेक्शन बरामद किए गए। मौके से भागे व्यक्ति की मोटर साइकिल संख्या यूके05 ए 1723 व मोबाइल फोन को पुलिस ने जब्त कर लिया एवं फरार व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि संजीत राठौर एसओजी प्रभारी, उनि श्याम सिंह बोरा चौकी मण्डी, अउनि राजेन्द्र मेहरा चौकी टीपीनगर, हेकानि ललित श्रीवास्तव व हेमन्त सिंह शामिल थे।



## सीडीओ ने किया कृषि एवं भूमि संरक्षण कार्यालय का औचक निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने गुरुवार को प्रातः 10.05 बजे विकास भवन स्थित कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रूद्रपुर के सम्बन्ध में पूछे जाने पर कार्यालय स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि वे मा० सूचना आयोग, देहरादून गये हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कार्यरत् गीता कौर सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-1. लोकेश कुमार मानचित्रक, सन्तोष कुमार कमल वरिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कार्मिकों आज 16 मई का वेतन आहरण पर रोक लगायी गयी है तथा सम्बन्धितों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु मुख्य कृषि अधिकारी ऊधमसिंह नगर को निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान विभिन्न पटलों पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों से सम्बन्धित अभिलेखों का परीक्षण किया गया तथा परीक्षण के दौरान पायी गयी त्रुटियों को सुधारने हेतु सम्बन्धितों को मौके पर ही निर्देश दिये गये। मुख्य कृषि अधिकारी को यह भी निर्देश दिये गये कि कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रुद्रपुर के देहरादून जाने हेतु ली गयी अनुमति से सम्बन्धित पत्रावली पृथक से प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करेंगे। कर्मचारियों को निर्देश दिये गये कि विभाग द्वारा संचालित एवं क्रियान्वित समस्त योजनाओं का पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से समस्त वांछित औपचारिकताएं पूर्ण कराने के उपरान्त ही पात्र कृषकों / लाभार्थियों का चयनित कर लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति / कृषक को लाभान्वित न किया जाय, यदि किसी अपात्र व्यक्ति / कृषक को लाभान्वित किया जाना पाया जायेगा तो इस हेतु सम्बन्धित कर्मचारी को उत्तरदायी मानते हुए अवमुक्त की गयी धनराशि की वसूली सम्बन्धित कर्मचारी से कराने की कार्यवाही की जायेगी। यह भी निर्देश दिये गये कि सभी कर्मचारी प्रत्येक कार्य दिवस में निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा कार्यालय समयावधि के उपरान्त ही कार्यालय से प्रस्थान करना सुनिश्चित करें।



## मुख्य नगर अयुक्त नरेश दुर्गापाल का जाना हाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समाजसेवी संजय ठुकराल ने दिल्ली से ईलाज कराकर अपने घर पहुंचे नगर निगम रूद्रपुर के मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के स्वास्थ्य का हाल जाना। बता दें बीते दिनों एमएनए



नरेश दुर्गापाल का अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया था। जिस पर उन्हें दिल्ली ले जाया गया जहां उनका उपचार चल रहा था। फिलहाल उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एंव समाजसेवी संजय ठुकराल ने दिल्ली से अपने घर नरेश दुर्गापाल का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## थारू बस्ती में सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने पकड़िया थारू बस्ती मे जनता की समस्यायें सुनी। लोकसाभा चुनाव के बाद लगातार जानता से संवाद कर उनके बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता जानता की समस्यायों को सुनकर यथासंभव निराकारण करने का प्रयास कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि चुनाव के पहले भी और चुनाव के पहले भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता जानता से संवाद बनाएं हुए है और जानता के बीच जाकर जानता की समयाओ के निरकरन के लिऐ काम कर रहे हैं। नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने कहा की प्रदेष के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक स्थानीय लोगो की समस्याओं से अवगत कराकर उनका निराकारण कराने की जिम्मेदारी खटीमा के स्थानीय कार्यकर्ताओ की है। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, राहुल सक्सेना, करन यादव, कमल चौहान, अंकित राणा, मान सिंह राणा, गणेशा देवी, नरेश राणा, दुखो देवी, नारायण सिंह, भीका सिंह, कृपाल सिंह, प्रताप राणा, पुष्पा देवी, अच्छन खां, पायल राणा, दीपक अंजली मौजूद थे।



## प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

किच्छा(उद संवाददाता)।बंडिया बडी नहर स्थित एक प्रशिक्षण कार्यालय में बहादुर सिंह स्मारक बहुउद्देशीय प्रगति औद्योगिक प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्था द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण लेने वाले छात्र-छात्राओं को निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान उपस्थित छात्र- छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के छात्र एवं छात्राओं को संस्था द्वारा निशुल्क एक वर्षीय स्टेनो एवं कंप्यूटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद संस्था के व्यवस्थापक एस पी सिंह प्रधानाचार्य नीतू सिंह, दिलीप सिंह, अमीर जोशी द्वारा प्रशिक्षण दिया। प्रगति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नेतृत्व में क्षेत्र में कंप्यूटर प्रशिक्षण के तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसको लेकर संस्थान में पहुंचे वर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने सभी छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने पर प्रोत्साहित करते हुए संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान दर्जनों छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र बांटे गए। इस दौरान सूरज, अजय, अरविंद, सुनैना, आरती मुस्कान आदि मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पर्यावरण और जीवन की सुरक्षा

देश में चहुंमुखी विकास तो हो रहा है परंतु इसके साथ ही साथ पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए केन्द्र व सभी राज्य सरकारों द्वारा कार्य किये जाते रहे हैं। लेकिन यह कागजों में ज्यादा जबकि धरातल पर कम हुए। जलवायु असंतुलन का ही नतीजा है कि देश में मौसम चक्र में काफी परिवर्तन आ चुका है। पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर एक आशंका बनी रहती है। दुनिया भर के जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है और इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से करीब आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं। दरअसल, गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है, उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करना भी एक जरूरी कदम होगा। अफसोस की बात है कि तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। जरूरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए। जलवायु परिवर्तन के कारण हिमखण्ड लगातार पिघलते जा रहे है। प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। विश्व में तमाम जानलेवा रोगों से करोड़ों लोगों की मौतें हो रही है। इस पर सम्पूर्ण विश्व के देशों को गंभीरता से मंथन कर ठोस उपाय करने होंगे। वरना भविष्य में पृथ्वी से मानव जाति का अस्तित्व ही संकट में पड़ जायेगा।

# बड़े शहरों में बेहतरीन सिटी बस सेवाओं का संचालन करने निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गुरूवार को सचिवालय में स्वच्छ गतिशील परिवर्तन नीति की उच्चाधिकार समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राज्य के प्रमुख शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को



मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून, हरिद्वार, रूद्रपुर, हल्द्वानी में एसपीवी (स्पेशल पर्पस वीकल) बेहतरीन सिटी बस सेवाओं के संचालन की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इसके तहत सीएनजी बसों, पीएम ई-बस सेवा, पुरानी बसों को बदलना स्मार्ट सिटी बसों का संचालन शामिल है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि देहरादून जैसे बड़े शहरों में अर्बन ग्रीन मोबिलिटी को लागू करना, आमजन के परिवहन हेतु यात्री बसों की लाइन स्थापित करना तथा उनका रखरखाव करना तथा परिवहन के बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए सहायता प्रणाली विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव श्री आर के सुधांशु , सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीओके में सुलगती विद्रोह की आग

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लगातार विद्रोह की आग सुलग रही है, यहां तक कि हालात बेकाबू हो गए है और पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। समूचे पाक अधिकृत कश्मीर में धारा-144 लागू होने के साथ मोबाइल-इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। महंगाई, बिजली और आटे पर सब्सिडी की छूट के चलते यह आंदोलन इतना आगे बढ़ गया है कि एक पुलिस अधिकारी की भी गुस्साए लोगों ने हत्या कर दी। पीओके में कुल 10 जिले हैं। यह आंदोलन भींबर से शुरू हुआ और सभी जिलों में फैल गया। आंदोलन का संचालन करने के लिए एक नया संगठन 'ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेठी' बनाया है, जिसमें सभी जिलों के लोग भागीदार है। शांतिपूर्ण चल रहे आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान सरकार की भ्रष्ट शासन-प्रणाली से वे तंग आ चुके हैं, अतएव पाक के साथ रहना नहीं चाहते हैं। हमें इससे आजादी चाहिए। घबराई शहबाज शरीफ सरकार ने हुए नुकसान को नियंत्रित करने की दृष्टि से 23 अरब का बजट प्रावधान पीओके के लिए किया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जो मांगे उन्होंने रखी हैं, वे सभी मान्य की जाएं। अन्यथा वे प्रदर्शन करते रहेंगे। इसी समय भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि एक दिन हम पीओके पर अवैध कब्जे को समाप्त करेंगे और पीओके वापस भारत के साथ जुड़ जाएगा। पीओके के लोगों के साथ वाकई अन्याय हो रहा है। यहां के लोगों को उत्पादन लागत पर बिजली नहीं मिल रही है। जो बिजली पीओके में बनाई जाती है, उसे सरकार पीओके से दो रुपए प्रति यूनिट लेती है और फिर यहीं के लोगों को महंगी दरों पर बेचती है। पीओके में रहने वाले लोगों को सब्सिडी पर आटा देना रोक दिया है। जबकि आटा पेट की भूख मिटाने की बुनियादी जरूरत है। अतएव आटा समेत अन्य 30 वस्तुओं पर सब्सिडी मिलनी चाहिए। लोगों ने यह भी मांग की है कि पीओके की अफसरशाही और 53 मंत्रियों को मिलने वाली बिलासी सुविधाएं बंद की जाएं। इन्हें सरकार की ओर से महंगी व लग्जरी गााड़ियां और घर के साथ टीए-डीए मिल रहे हैं। इन्हें बंद किया जाए। यही नहीं इनके जो सहायक है, उन्हें भी ऐसे ही सुविधाएं दी जा रही हैं, जो कतई उचित नहीं है। इन्हें बंद किया जाए। हालांकि पीओके में पाक से अलगाव का संकट इतना बढ़ गया है कि अब समझौते कि दूर-दूर तक कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। शायद इस स्थिति का पूर्वाभास करने के बाद ही जयशंकर ने जल्द पीओजेके का भारत में विलय होने का दावा किया है। यही नहीं उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर इसका विलय होगा। क्योंकि वहां के लोग रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी तरसने को मजबूर हो रहे हैं। तिस पर भी राहत देने की बजाय पाकिस्तानी सेना अत्याचार पर आमादा है। लोग पाक सेना से आजादी और भारत में शामिल होने के लिए नारे लगा रहे हैं। गुलाम जम्मू-कश्मीर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों पर यह पहली उच्च स्तरीय प्रतिक्रिया हैं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। अतएव अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार




की पीओके के संदर्भ में कोई न कोई ऐसी रणनीति अवश्य चल रही है, जो पीओके के विलय की दिशा में बढ़ रही है। दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद अब उसके लिए पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। कुछ माह पहले ही बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए हमला किया था। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया था। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। ये इंजीनियर दासू हाइड्रोप्रोजेक्ट के निर्माण में लगे थे। इन हमलों की जुम्मे वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली हुई है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। पाकिस्तान में अकेले फरवरी माह में हुए 97 हमलों में 118 लोग मारे जा चुके हैं। 20 मार्च को ग्वादर बंदरगाह पर भी आतंकी हमला हो चुका है। इस हमले की जिम्मेदारी भी बलूचों ने ली है। इन हमलों के चलते पाक में नई बनी शाहबाज सरकार मुसीबतों से घिर गई है। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे है। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है। लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसा मुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बद्हाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गई हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्सा हैं। बावजूद 4 नबंवर 1947 से पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। लेकिन इसका विकास नहीं हुआ है। करीब 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट- बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। पाक और बलूचिस्तान के बीच संघर्ष 1945, 1958, 1962-63, 1973-77 में होता रहा है। 77 में पाक द्वारा दमन के बाद करीब 2 दशक तक यहां शांति रही। लेकिन 1999 में परवेज मुशर्रफ सत्ता में आए तो उन्होंने बलूच भूमि पर सैनिक अड्डे खोल दिए। इसे बलूचों ने अपने क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश माना और फिर से संघर्ष तेज हो गया। इसके बाद यहां कई अलगाववादी आंदोलन वजूद में आए, इनमें प्रमुख बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद भी यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। अहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं। पीओके और बलूचिस्तान पाक के लिए बहिश्कृत क्षेत्र हैं। पीओके की जमीन का इस्तेमाल वह, जहां भारत के खिलाफ शिविर लगाकर गरीब व लाचार मुस्लिम किशोरों को आतंकवादी बनाने का प्रशिक्षण देता है, वहीं बलूचिस्तान की भूमि से खनिज व तेल का दोहन कर अपनी आर्थिक स्थिति बहाल किए हुए है। यहां महिलाओं को वोट देने का अधिकार नहीं है। गरीब महिलाओं को जबरन वेष्यावृत्ति के धंधों में धकेल दिया जाता है। 50 फीसदी नौजवानों के पास रोजगार नहीं है। 40 फीसदी आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। 88 प्रतिशत क्षेत्र में पहुंच मार्ग नहीं हैं। बावजूद पाकिस्तान पिछले 76 साल से यहां के लोगों का बेरहमी से खून चूसने में लगा है। जो व्यक्ति अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाता है, उसे सेना, पुलिस या फिर आइएसआई उठा ले जाती है। पूरे पाक में शिया मस्जिदों पर हो रहे हमलों के कारण पीओके के लोग मानसिक रूप से भी आतंकित हैं। नतीजतन यहां खेती-किसानी, उद्योग-धंधे, शिक्षा-रोजगार, स्वास्थ्य-सुविधाएं तथा पर्यटन सब चौपट हैं। इस क्षेत्र में चीन बड़ा निवेश कर रहा है। ग्वादर में एक बड़ा सा बंदरगाह बनाया है। चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' इसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। चूंकि यह क्षेत्र आधिकारिक रूप से भारत के जम्मू-कश्मीर प्रांत का हिस्सा है, इसलिए यहां कोई भी बदलाव कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन होगा। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़के भारत में विलय होने की कोशिश में लगे हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# मानसून सीजन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करायें : डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)।आगामी मानसून काल में जिले में संभावित अतिवृष्टि,भूस्खलन, बाढ़,नदी का जल स्तर बढ़ने जैसी प्राकृतिक आपदा की घटनाओं के प्रभावी रोकथाम के उपायों एवं बचाव तथा अन्य कार्य किए जाने की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई।जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून काल में पर्याप्त संसाधनों की जरूरत होती है, इसलिए जीवन रेखा से जुड़े विभाग अपने-अपने संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनायें रखेगें। सड़क से जुड़े विभागों को निर्देशित किया गया कि चिन्हित संवेदनशील व भूस्खलन वाले डेंजर जोन पर मशीनरी के साथ मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। ताकि सड़क मार्ग बाधित होने पर तत्काल मार्ग खोलने का कार्य तेजी के साथ की जा सके। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई, वेप्कोस,ब्रीडकुल, व एनएच को भी अपने अपने सड़क मार्ग के चिन्हित कलवर्ट को खोलने व नालियों की सफाई



समय से करने के निर्देश दिए। मानसून सत्र को देखते हुए जिलाधिकारी ने कपकोट को जोड़ने वाला निर्माणाधीन मोटर पुल का कार्य युद्ध स्तर पर करने तथा सोराग मोटर पुल का कार्य जून तक पूरा करने एवं कुँवारी मोटर पुल का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता लोनिवि ने जिलाधिकारी को बताया कि मानसून सीजन से निपटने के लिए विभाग के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है। वर्तमान में बागेश्वर डिवीजन में तीन और कपकोट में दो जेसीबी मशीन है। जबकि 10 मशीनों को आउटसोर्स से लेने की विभाग द्वारा तैयारी की गई हैं। बागेश्वर डिवीजन में 2200 कलवर्ट और कपकोट में करीब 2100 कलवटों में नाली निकास की उचित व्यवस्था के लिए खोल दिए गए है। जिलाधिकारी ने मानसून काल में ग्रामीणों को राशन,घरेलू गैस आदि की कमी न हो इस हेतु अग्रिम रसद पहुंचाने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए। तथा पेट्रोल पंपों में ईधन की पर्याप्त उपलब्धता बनायें रखने को कहा। साथ ही मानसून काल में विद्युत आपूर्ति व पेयजल को लेकर पर्याप्त संसाधन की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश ईई विद्युत व जल संस्थान को दिए। जिलाधिकारी ने मानसून काल के लिए चिन्हित आश्रय स्थलयों में पानी,बिजली रसद की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे विद्यालय जो मानसून सत्र के दौरान संवेदनशील है ऐसे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाय। जिलाधिकारी ने आपदा मित्रों को प्रशिक्षण देने के साथ ही खोज व बचाव के लिए उपयोग किए जाने वाले संसाधनों को भी चालू रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता व पशुपालन विभाग को दवाइयां,चारा व पशु टीकाकरण की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को बरसात में कुंती गधेरे से आबादी की ओर आने वाले मलबा,बोल्डर को रोकने के लिए चेकडैम बनाने के साथ ही पानी की निकासी के लिए बड़े पाईप लगाने के निर्देश दिए। ताकि वहां जल भराव की स्थिति उतपन्न न हो सके। जिलाधिकारी ने कठायतबाड़ा,बिलौना व भराड़ी आदि क्षेत्रों में भी पानी की निकासी के लिए सम्बंधित विभाग को तत्काल प्रभाव से उचित समाधान खोजने पर जोर दिया।बैठक में एसपी अक्षय कोंडे,एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम मोनिका,जितेंद्र वर्मा, लोनिवि अभियंता एके पटेल, विद्युत मोहम्मदके ईई अफजाल, जल संस्थान सीएस देवडी, सिंचाई केके जोशी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरीश पोखरिया, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गदरपुर में रोडवेज बस स्टेशन तैयार होने में लगेंगे दो महिने

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के लोगों को जल्द ही रोडवेज बस स्टेशन की सुविधा मिलने वाली है। इसके बाद यात्रियों की सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करने की समस्या दूर हो जाएगी। नगर से करीब चार किलोमीटर दूर प्रेमनगर मोड़ पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कार्य चल रहा है। बस स्टैंड की चहारदीवारी बन चुकी है और भवन में रंग रोगन हो रहा है। कार्यालय, कैंटीन, टिकट घर, विश्राम गृह एवं शौचालय आदि की साजसज्जा का कार्य भी तेजी से हो रहा है। कार्यदायी संस्था उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड ने मई 2022 में 18 माह में बस स्टैंड के निर्माण कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन कार्य पूरा नहीं हो सका है। वर्तमान में जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा है, उससे लगता है कि बस स्टैंड का शुभारंभ होने में अभी कम से कम दो महीने से ज्यादा का समय लग सकता है। बस चालक मुख्य बाजार में सकैनिया मोड़, गूलरभोज रोड़, थाने के सामने, गुरुद्वारे के सामने और दिनेशपुर मोड़ पर बस रोक कर सवारी उतारते- बिठाते हैं। दूसरे राज्यों से आने जाने वाली कई बसें बाईपास मार्ग से होकर गुजर जाती हैं। लोगों का कहना है बस स्टैंड का निर्माण नगर से काफी दूर किया जा रहा है। देर रात में बस स्टैंड तक आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करने होंगे। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि रोडवेज बस स्टैंड से अगर कोई सामान लाना या भेजना होगा तो समय के साथ धन का भी व्यय होगा। उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड रुद्रपुर के तकनीकी महाप्रबंधक, विजय सिंह ने कहा कि महतोष पुलिस चौकी के निकट बाईपास मोड़ पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण हो रहा है। करीब 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। अवशेष कार्य को दो माह के अंदर पूरा करा लिया जाएगा।

# मेरिट में स्थान पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज में पढ़ने वाले दो छात्रों ने हाईस्कूल की राज्य की मेरिट में स्थान बना कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रबन्ध समिति द्वारा दोनों छात्रों को सम्मानित किया गया। जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर में हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्र अमित कुमार ने राज्य की श्रेष्ठता सूची में 22वां स्थान तथा छात्र आयुष अग्रवाल ने श्रेष्ठता सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया दोनो ही छात्रों को विद्यालय प्रबन्धक पवन अग्रवाल व अध्यक्ष ओम प्रकाश अरोरा एवं समस्त प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा उनकी इस सफलता के लिए सम्मानित किया गया।प्रबन्धक पवन अग्रवाल ने छात्रों की इस उपलब्धि के लिए छात्रों एवं उनके परिवारजनों बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय का रिजल्ट हर वर्ष बेहतर आ रहा है साथ ही विद्यालय विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी राज्य में स्थान प्राप्त करता रहा है इस उपल्बधि के लिए विद्यालय के प्रध ानाचार्य एवं समस्त स्टाफ को बधाई के पात्र है। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अरोड़ा ने भी दोनों छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार से उपब्धियां प्राप्त करेंगे और विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रौशन करते रहेंगे। प्रधानाचार्य डॉ0 सतीश अरोड़ा ने दोनों ही छात्रों की इस उपलब्धि पर छात्रों को व उनके परिवार को तथा समस्त शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी और छात्रों को शुभकामनाएं दी कि वह भविष्य में भी इसी प्राकर से सफलताएं प्राप्त करेंगे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहेंगे।इस अवसर पर सुभाष खण्डेलवाल, शिव अरोरा, राजू गाबा, बल्देव खेडा, प्रेमनाथ ठल्ला, विजय मिड्ढा, विजय जग्गा, सुरेश पुंशी, संजय आर्य, भुवन चन्द्र डूंगराकोटी, महेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# भोजन माता को आत्महत्या के लिए उकसाने पर तीन नामजद

सितारगंज (उद संवाददाता)।स्कूल में भोजन पकाने का काम करने वाली विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली इस मामले में विवाहिता के पिता ने दामाद समेत तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर थाना मैलानी निवासी पीरथी पुत्र भोला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री संगीता का 15 वर्ष पूर्व ग्राम वीरेंद्रनगर निवासी मनोज पुत्र हसनाथ के साथ विवाह हुआ था। विवाह के बाद से ही दामाद मनोज देवर प्रमोद, सास मीना संगीता से मारपीट और उत्पीड़न करते थे। इस मामले में उन्होंने लखीमपुर में घरेलू हिंसा का मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि 7 मई को उसकी पुत्री संगीता स्कूल में भोजन बनाने के बाद घर वापस आई। आरोप है कि तब ससुरालयों ने उसके साथ मारपीट की। इससे तंग आकर उसकी पुत्री संगीता ने जहरीला पदार्थ खाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने विवाहिता के पिता की तहरीर पर मनोज, प्रमोद और मीना के खिलाफ आत्म हत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही है।

# बार शपथ ग्रहण का खर्च विजयी उम्मीदवार खुद वहन करें: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा, वीरेंद्र गोस्वामी ,खड़ग सिंह विर्क तथा आर पी सिंह ने बार शपथ ग्रहण पर लाखों रुपए के खर्च पर सवाल उठाते हुए कहा कि बार के संविधान में शपथ ग्रहण जैसे कार्यक्रम करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस पर बार एसोसिएशन के कोष से किसी भी प्रकार के खर्च की अनुमति बार के संविधान में नहीं है। अगर विजयी उम्मीदवारों ने ऐसा कुछ कार्यक्रम करना है तो वे इसका खर्च खुद वहन करें ना कि बार के कोष का दुरुपयोग करें। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों में बार के कोष से तथाकथित शपथग्रहण कार्यक्रम पर हो रहे लाखों रुपए के खर्च पर रोष है, जो पैसा अधिवक्ता हितों पर खर्च होना चाहिए वो पैसा बार पदाधिकारी अपनी छवि बनाने के लिए खर्च कर रहें हैं जो कि सरासर पदों का दुरुपयोग है और इसे रोका जाना चाहिए। कई सदस्यों ने कहा कि अगर बार के पैसे का इसी प्रकार दुरुपयोग होता रहा तो बार से वकील सामूहिक इस्तीफा दे सकते हैं।

# चोरी का बरामद सामान वापस नहीं कर रही पुलिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर से हुई चोरी का सामान बरामद कर अपने कब्जे में लेने के बाद पुलिस सम्मान वापस नहीं कर रही है। कोतवाल से गुहार लगाते हुए निवेदन कैनाल कालौनी दूधियानगर वार्ड 12 निवासी परमानंद यादव पुत्र बाबूराम ने कहा है कि उसके घर में तीन माह पूर्व चोरी हो गई थी। जिसमें घरेलू सामान गैस सिलेण्डर चूल्हा, टीवी, बर्तन आदि चोरी हो गया था। टीवी चोरो द्वारा ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बेचे जाने की उसे सूचना मिली। मौके पर पहुंच कर टीवी जिस आटो पर लेकर आये थे वह आटो व चोर मौके पर पकड लिया। जिसे अन्य लोगों की मदद से रम्पुरा चौकी में लाकर सुपुर्द किया गया। चौकी में मौजूद कॉस्टेबल ने कहा कि रिपोट दर्ज कराने से कुछ नही होगा। तुम्हारा सामान वापस करा देंगे। सिपाहियों के कहने पर वह घर वापस आ गया। उसका टीवी और बर्तन वापस चौकी से दिलवा दिया गया। किन्तु कुछ बर्तन और भरा हुआ गैस का सिलेण्डर रेग्युलेटर चूल्हे सहित आज तक वापस नही दिलाया गया है। रम्पुरा चौकी के बहुत चक्कर काटने के बाद वह मजबूर होकर कोतवाली न्याय मांगने आया है।

# हल्द्वानी,काशीपुर या पंतनगर में स्थापित हो हाईकोर्ट: ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बयान जारी करते हुए हाईकोर्ट को रानीबाग, गौलापार या काशीपुर रामनगर के बीच हेमपुर डिपो और वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पंतनगर के पास स्थापित किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन स्थानों से सड़क व एयर कनेक्टिविटी भी है। ठुकराल ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे छोटे राज्य में उच्च न्यायालय की बेंच अन्यत्र बनाना औचित्यपूर्ण नहीं है। कहा कि इस मुद्दे को लेकर जनमत सर्वेक्षण करवाना कुमाऊं व गढ़वाल के लोगों के मध्य परस्पर सम्बंधों में कटुता पैदा करना है। हाईकोर्ट प्रकरण पर पूर्ण विराम लगाना व्यापक जनहित में अति आवश्यक है। ठुकराल ने कहा कि नैनीताल पर्यटक स्थल के रूप में विश्व विख्यात है। इसे सुंदर पर्यटक स्थल के रूप में और अधिक विकसित व इस शहर का व्यापक सौंदर्यीकरण करना चाहिए। क्यों कि हाईकोर्ट नैनीताल में होने से नैनीताल का जन जीवन अस्त व्यस्त व अनियंत्रित हो जाता है। वाहनों की अधिकता से नैनीताल में जाम की स्थिति बनी रहती है।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने 80 पाऊच कच्ची शराब के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक भरत सिंह ने साथी पुलिस कर्मियों के साथ गश्त करते ट्रांजिट कैम्प ढ़ाल में खाली प्लाट के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरीश थापा पुत्र हरि बहादुर थापा निवासी एफ ब्लाक ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टे में भरे 80 पाऊच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर हरीश को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# संदिग्ध हालातों में युवती लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प निवासी एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में मध्य रात्रि घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब युवती का कहीं कोई पता नहीं चला और न ही युवती स्वयं ही घर वापस लौटी तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने लापता हुई युवती की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र की निवासी 17 वर्षीय युवती गत 11 मई को मध्य रात्रि लगभग 2 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। प्रात: जब परिजनों ने उसे घर से नदारद पाया तो उनमें चिंता व्याप्त हो गई। उसकी सभी संभावित स्थानों पर निरंतर खोजबीन की गई। परंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चल पाया। न ही युवती स्वयं वापस घर लौटी। जिस पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी श्रीमती गीतिका आये दिन परिवार में लड़ाई झगड़ा और मारपीट करते हैं। काफी समझाने पर भी दोनों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया है। इनकी हरकतों से दुखी और परेशान होकर मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी श्रीमती गीतिका को अपनी हर प्रकार की चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और दोनों के साथ आपसी सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में ये दोनों अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य, लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

भगत सिंह पुत्र महाराज सिंह, निवासी-खानपुर नं.-1, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

# डीजीपी ने रेलवे स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा के दिए निर्देश

देहरादून। चारधाम यात्रा के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने एसओपी जारी की है। डीजीपी ने स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में 36 रेलवे स्टेशन हैं। स्टेशनों



पर हर दिन करीब 172 रेल गाड़ियों का संचालन होता है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर समय-समय पर मॉक ड्रिल कराई जाए। रेलवे स्टेशनों पर किसी भी घटना की स्थिति में फर्स्ट रिस्पांस टीम अपने उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ, रेलवे, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों के साथ समन्वय रखा जाए। पीए सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को अफवाहों का आगाह किया जाए। किसी भी घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार देने और गंभीर घायलों को तत्काल नजदीक अस्पताल पहुंचाया जाए। साथ ही घटना और घटनास्थल की वीडियोग्राफी की जाए।

# छह भवनों में पकड़ी विद्युत चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण में छह भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े। भवन स्वामियों के विरूद्ध कार्रवाई को पुलिस को तहरीर दे दी गई है। एसडीओ अंशुल मदान ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प तालाब के पास के निवासी देवव्रत विश्वास पुत्र बंकिम विश्वास के भवन में कंटिया डालकर विद्युत चोरी की जा रही थी। वहीं तीन पानी निवासीं नईम खान, गंगापुर रोड़ मोदी मैदान के पास के निवासी ओमप्रकाश, वरूण और सचिन तथा कस्तूरी वाटिका निवासी देवेन्द्र कुमार के भवनों में भी विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये। उन्होंने बताया कि उक्त सभी भवन स्वामियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पर्वतीय जिलों में बारिश होने की संभावना

देहरादून। उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। आलम यह रहा कि बृहस्पतिवार को दून का अधिकतम पारा चार डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 39 डिग्री के पार पहुंच गया, इसके साथ ही यह सीजन का सबसे गर्म दिन भी रहा। दिन में चिलचिलाती गर्मी का असर दिन के समय शहर की सड़कों पर भी देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दिनों में तापमान 40 के आसपास पहुंच सकता है। वहीं, उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज एक बार फिर मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के संभावना जताई है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

## पेज एक का शेष...

**यात्रा की व्यवस्थाओ में...** मार्गों के बारे में जानकारी दी जाए एवं वाहनों की फिटनेस का भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा व्यवस्थाओं में सभी अधिकारी चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों के जिलाधिकारी और एसपी का पूरा सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग से केदारनाथ यात्रा के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरभ गहरवार ने अवगत कराया कि केदारनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। ठहराव वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रा मार्ग पर वाहनों के आवागमन की व्यवस्थाओं की कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। यातायात प्रबंधन के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एसपी उत्तरकाशी ने कहा कि कुछ लोग फर्जी रजिस्ट्रेशन वाले पाये गये हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने कहा कि बदरीनाथ में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। आगामी सप्ताह में अवकाश के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के दृष्टिगत भी सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बैठक में प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, सचिव एस.एन. पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी अजय सिंह, वर्चुअल माध्यम से डीजीपी अभिनव कुमार, जिलाधि कारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल उपस्थित थे।

**कामगारों के वोट ...**को ज्वाइन करने और उसके नेताओं को रिझाने के लिए धर्म विशेष के लोगों के समर्थन और हिंदू समाज के लोगों के विरोध में खुलकर खड़े हो गए हैं। यदि किसी का वोट का आवेदन गलत आया है तो उसे एक कमेटी के द्वारा निर्धारित किया जाता है विधायक ठुकराल स्वयं क्यों एक पक्षीय दलील दे रहे हैं, यह आम हिंदु जनता की समझ में स्पष्ट नजर आ रहा है। भाजपा नेता सोनू अनेजा ने कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थक जिनके तीन-तीन मंजिला मकान और कई कई प्लाट है, वह पूर्व विधायक के समर्थन से बीपीएल कार्ड धारक बने बैठे हैं। इसकी पूरी जांच होनी चाहिए ताकि गरीबों का हक मारने वाले अमीर लोगो की असलियत जनता के सामने आ सके। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि संदीप अनेजा सोनू, पार्षद शिव कुमार गंगवार, पार्षद कैलाश राठौड़, प्रदीप राठौर, मदन दिवाकर, डीके गंगवार, आनंद सागर एमपी मौर्य, राजेंद्र राठौर, आदि शामिल थे।

**लॉकडाउन की अवधि से ...** अभियोगों को वापस लिये जाने की लिखित अनुमति के निर्णय के साथ ही दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 321 में उल्लेखित प्रावधानों का अनुपालन करते हुये मुकदमें वापस लिये जाने सम्बन्धी आदेश जारी किया गया है।श्री नदीम ने बताया कि इन मुकदमों में लॉकडाउन उल्लंघन आदि व गाइडलाइन व आदेशों के उल्लंघन के अतिरिक्त भारतीय दण्ड संहिता की ध ारा 188 अन्तर्गत 6 माह तक की सजा से दण्डनीय लोक सेवक के आदेशों का पालन न करना, उसे बाधा या नुकसान पहुंचाने का अपराध, धारा 269 के अन्तर्गत दण्डनीय उपेक्षा से जीवन को खतरे में डालने वाला कार्य करने का 6 माह की सजा से दण्डनीय अपराध धारा 270 के अन्तर्गत जानबूझकर, जीवन के लिये संकटपूर्ण या रोग को फैलाने वाला कार्य करने के अपराध दो वर्ष तक की सजा से दण्डनीय अपराध तथा 271 के अन्तर्गत क्वारंटीन के नियम का जानबूझकर उल्लंघन का दो वर्ष तक की सजा से दण्डनीय अपराधों के मुकदमें शामिल है।

**रफ्तार का कहर...** गांव की कुसुम देवी पत्नी रामदयाल को रौंद दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने पर डोईवाला कोतवाली में तहरीर दी है।डोईवाला कोतवाल प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं ने बताया कि छिद्दरवाला में जिन दो लोगों को टक्कर मारी थी, वो सभी लोग खतरे से बाहर हैं, लेकिन शेरगढ़ निवासी एक महिला की टक्कर के बाद मौत हो गई।आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया है।आरोपियों का नाम पंकज कुमार शर्मा पुत्र नानक चंद शर्मा निवासी खन्ना नगर, ज्वालापुर हरिद्वार और मनोज कुमार पुत्र राजपाल सिंह त्यागी निवासी गणेश विहार, सीतापुर, ज्वालापुर हरिद्वार है।

**ठेली खड़ी करने...**जाकर लगा ले इतना कहते ही वह मारने पीटने लगा। तब वहां खड़े लोगों ने बीच बचाव कर दिया। कुछ देर बाद उस व्यक्ति के पिता ने कई लड़के बुलाये जिनके हाथों में लाठी, तमंचा, लोहे की राड आदि थे। सभी ने उसे बुरी तरह लाठी डण्डो से मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह लहूलुहान बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। शोर की आवाज सुनकर उसका जीजा छत्रपाल व बब्बलू बीच बचाव के लिये आये तो हमलावरों ने इन्हें बुरी तरह से मारापीटा । उसकी जेब से 9,500 रुपए निकाल लिये और देख लेने की धमकी देकर यह लोग भाग गये।

**5 लाख की फिरौती...**कारण उसे लगातार अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है। फोन करने वाला व्यक्ति कोई भी घटना को अंजाम दे सकता है। उसके घर में डर का भय बना हुआ है। जिसकी वजह से वह घर से नही निकल पा रहा है। निकल भी रहा है तो काफी डर के घर से बाहर निकल रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गोण्डा गिरोह के आठ शातिरों को बदरीनाथ से दबोचा

## श्रद्धालुओं व यात्रियों का ध्यान भटका कर टप्पेबाजी और सामान चोरी कर रहे थे, आरोपियों के पास से सात मोबाइल व डेढ़ लाख रुपये बरामद

जोशीमठ। श्री बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं व यात्रियों का ध्यान भटका कर टप्पेबाजी की घटनाएं कारित कर सामान चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गोण्डा गिरोह के 08 सदस्यों को चमोली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के गौंडा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल व डेढ़ लाख रुपये बरामद किए हैं। बदरीनाथ धाम में यात्रियों की भीड़ बढ़ने के कारण टप्पेबाजी की आशंका को देखते हुए पुलिस सतर्क है। बदरीनाथ थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया कि पुलिस को धाम में टप्पेबाज गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस जवानों ने सादे कपड़ों में तप्तकुंड के पास गश्त की और टप्पेबाज गिरोह के आठ सदस्यों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में दलीप कुमार (35) निवासी ग्राम छजवा थाना मोतीगंज, मुरली (28) ग्राम पनकसीया थाना मोतीगंज, भगवान दीन (31) ग्राम छजवा थाना मोतीगंज, ध्रुवनारायण (46) ग्राम वेनपुर थाना मनकापुर, चिंतामणी (47) ग्राम बेलीपुर थाना मनकापुर, जैकी (20) ग्राम बेलीपुर, थान मनकापुर, देवकीनंदन (40) ग्राम मल्लिपुर थाना मनकापुर और धर्मेंद्र (28) ग्राम जिगना बाजार थाना मनकापुर, सभी जिला गौंडा उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गैंग के सरगना दलीप व मुरली हैं। वे देश के अलग-अलग जगह के धार्मिक स्थलों पर गिरोह बनाकर पहुंचते हैं और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर लोगों के पर्स, मोबाइल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते हैं। चोरी का सामान आपस में बांटकर अपने गांव चले जाते हैं।



पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे सभी गोण्डा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले है। गैंग को मुख्य रूप से दलीप और मुरली ही चलाते है सभी लोग देश के अलग-अलग स्थानों पर धार्मिक यात्राओं के शुरू होने पर गिरोह बनाकर उक्त स्थानों पर पहुँच जाते है और फिर आस-पास की धर्मशालाओं या अन्य जगहों पर कमरे किराए पर लेकर रहने लगते हैं। इस दौरान सभी लोग व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर घूमते रहते हैं, वही मौका देखकर स्नान करने अथवा दर्शन करने वाले यात्रियों/श्रद्धालुओं का ध्यान भटका कर उनके द्वारा घाट किनारे रखे गए पैसे, मोबाइल फोन, घड़ियां व अन्य कीमती सामान को चोरी कर लेते हैं। चोरी किये गए सामान को एकत्रित करने के बाद उसे आपस में बांट कर अपने अपने गांव वापस चले जाते हैं। बरामदगी में पर्स रंग काला जिसमे 5000 रु0 व आधार कार्ड , प्लास्टिक के डिब्बे के अन्दर कुल 1,00,000 रु0 जो विभिन्न पीडित/श्रद्धालुओं के पर्स से टप्पेबाजी के दौरान बरामद, एन्ड्राइड मोबाइल व 50,000 रु0 सील सर्वे मोहर, प्लास्टिक के डिब्बे के अन्दर 06 पर्स जो विभिन्न पीडित/श्रद्धालुओं से टप्पेबाजी के दौरान बरामद, प्लास्टिक के डिब्बे में बद्रीनाथ धाम में आये विभिन्न श्रद्धालुओ के 06 एन्ड्राइड मोबाइल जो गोण्डा गैंग के सदस्यों द्वारा तप्त कुण्ड से टप्पेबाजी में चोरी किए गए ।उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के दौरान देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु चारों धाम के दर्शन करने के लिए पहुँच रहे हैं। काफी संख्या में श्रद्धालुओं के चार धाम यात्रा में आने के दृष्टिगत इस दौरान टप्पेबाजी गिरोहो के भी सक्रिय होने की संभावना रहती है,जो कि चार धाम यात्रा में आए श्रद्धालुओं/यात्रियों के घाट पर स्नान करते समय उनका ध्यान भटका कर सामान चोरी कर लेते हैं। इस तरह की अपराधी घटनाओं के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चमोली श्री सर्वेश पंवार द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम में नियुक्त समस्त अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को यात्रियों की सुरक्षा व टप्पेबाजी जैसी घटनाओं में लिप्त गिरोह पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही के आदेश दिए गए है ।

# कलसिया नाले में चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर कलसिया नाले में सिंचाई विभाग द्वारा गुरुवार से चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू किया गया है। बरसात के सीजन को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जल्द से जल्द जनरलाइजेशन के कार्य पूर्ण करने के सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को सिंचाई विभाग द्वारा काठगोदाम कलसिया नाले में जेसीबी द्वारा चौनेलाइजेशन का कार्य शुरू किया गया है। गत वर्ष की तरह मूसलाधार बरसात में किसी प्रकार की क्षति न हो इसको देखते हुए इस वर्ष मानसून से पूर्व ही जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई विभाग को नहरो व नालों की सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पिछली बार आए कलसिया नाले में बड़े-बड़े बोल्डर व फ्लड हटाने के लिए चौनेलाइजेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए थे जिसे सिंचाई विभाग ने गुरुवार से प्रारंभ कर दिया है। उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जल्द से जल्द चौनेलाइजेशन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



# किशोरी से छेड़छाड़ में एक नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कुंडा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि बीते 9 मई को लगभग 1:30 बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री के साथ गंगे बाबा रोड श्मशान घाट के समीप काशीपुर निवासी आरिफ नामक युवक ने कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ढेला पुल के समीप मौका पाकर छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। किशोरी ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने इस मामले में किशोरी के मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।




# रामनगर की जनता को बिजली कटौती के दौरान पानी की समस्या से मिलेगी निजात

रामनगर (उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के मौसम में विद्युत कटौती के दौरान नगर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो जाती थी जिस कारण गर्मी के मौसम में जनता को बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ता था।अब बिजली कटौती के दौरान रामनगर की जनता को पानी की समस्या से परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ डीएस निखुरपा ने जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल रूम से विद्युत कटौती के दौरान जल संस्थान के पेयजल प्लांट की भी विद्युत आपूर्ति वादी होती थी जिस कारण पानी की समस्या से जनता को काफी परेशान होना पड़ता था। उन्होंने बताया कि पूर्व में विद्युत विभाग और जल संस्थान के अधिकारियों की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्युत कटौती के दौरान जल संस्थान के पेयजल प्लांट को इस कटौती से मुक्त किया जाए जिसको लेकर विद्युत विभाग द्वारा एक 11 हजार केवीए की करीब 2 किलोमीटर लाइन का स्टीमेट बनाया गया जिसकी लागत 22 लाख रुपए आई है। उन्होंने बताया कि जल संस्थान द्वारा कुछ धनराशि विद्युत विभाग को दे दी गई है जिसके बाद अब यह सेपरेट लाइन घास मंडी बिजली घर से जल संस्थान के बल्दिया पड़ाव स्थित पेयजल प्लांट तक डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर इस नई लाइन को चालू कर दिया जाएगा



इसके बाद विद्युत कटौती होने के दौरान जल संस्थान यह पेयजल प्लांट विद्युत कटौती से मुक्त रहेगा तथा जनता को बिजली कटौती के दौरान होने वाली पानी की समस्या से पूरी तरह निजात मिलेगी।

# जमानत से बाहर आकर धमकाने व सोशल मीडिया पर बदनाम करने का लगाया आरोप

## युवती ने सीएम व महिला आयोग से शिकायत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र की युवती ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत महिला आयोग में शिकायत भेजकर दुराचार के आरोपी के जमानत से छूटने के बाद सोशल मीडिया पर बदनाम कर केस वापस लेने के लिए धमकाने का आरोप लगाते लगाया है। साथ ही थाने में शिकायत करने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करने के बजाए उल्टा अभ्रदता करने का भी आरोप लगाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के पूर्व विधानसभा क्षेत्र की दुराचार पीड़िता ने प्रदेश के मुख्यमत्री समेत महिला आयोग को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि बरेली निवासी एक युवक द्वारा घर से बाहर बुलाकर जबरन गाड़ी में बैठाकर नानकसागर चौकी के पीछे



सुनसान में उसके साथ जबरन दुराचार किया। जिसका मुकदमा थाना नानकमत्ता में दर्ज है। युवती का आरोप है कि आरोपी युवक जमानत पर बाहर आकर उसे व उसके परिवार को लगातार फोन कर धमका रहा है और शोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर उसे बदनाम कर रहा है। जिसकी शिकायत थाना व चौकी में करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही होने पर 16 मई को जब वह अपनी मां के साथ थाने में गई तो मौजूद पुलिस अधिकारी ने उनके साथ अभ्रदता करते हुये कहा कि यहां से कोई कार्यवाही नही होगी। उन्होंने कार्यवाही के लिए बरेली जाने के लिए कह कर टाल दिया। युवती का आरोप लगया कि थाने में तैनात रही विवेचना करने वाली दरोगा व पुलिस अधिकारी आरोपियों से मिले हुये है। युवती ने अपने शिकायती पत्र में धमकाने वाले आरोपी युवक समेत अभ्रदता करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।